मूल्यः एक रूपया

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–11, अंक–7, सितम्बर 2010

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु ग्रुप– देश की शान

**श्रेष्ठ गुणवत्ता के कारण देश भर के उपभोक्ताओं की पहली पसंद**



प्रिय साथियों,

कामधेनु ग्रुप का शुरूआत से ही सामूहिक विकास की भावना में दृढ़ विश्वास रहा है। कंपनी की हमेशा कोशिश रही है कि इसके अस्तित्व का लाभ कंपनी से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों के साथ समूचे समाज को पहुँचे।

कंपनी का सदैव प्रयास रहता है कि यह भविष्य की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर अत्याधुनिक तकनीक द्वारा विकसित अपने उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले उत्पादों से ग्राहकों की सेवा में तत्पर रहे। अपने इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कामधेनु ग्रुप ने अपने लोगों में उद्यमिता और नवपरिवर्तन की एक विशेष अलख जगाई है जो उन्हें श्रेष्ठ उत्पादन तकनीक व ज्ञान का प्रयोग कर विश्व के सबसे कठिन गुणवत्ता के पैमानों से भी आगे निकलने के लिए अथक प्रयास करने की प्रेरणा प्रदान करती है। कामधेनु ग्रुप की सफलता का श्रेय इसके अपने प्रदर्शन स्तर को बढ़ाने की चाह में किये गए निरन्तर प्रयासों को जाता है।

समय के साथ कामधेनु ग्रुप एक अतिसक्रिय व्यवसायिक संस्था के रूप में उभरी हे जो हर क्षेत्र में श्रेष्ठता की राह पर आगे बढ़ते हुए उदाहरण स्थापित करती जा रही है। करीब डेढ़ दशक पूर्व केवल एक उत्पादन इकाई के रूप में अपने सफर का आगाज़ करने वाला कामधेनु ग्रुप आज देश भर में स्थित 50 से अधिक इकाईयों के साम्राज्य के साथ भवन निर्माण में प्रयुक्त हाने वाली विभिन्न सामग्रियों जैसे रीइन्फॉर्समेन्ट स्टील बार, पीवीसी पाईप्स, प्लाईवुड, वायरबॉंड, स्ट्रक्चरल स्टील और पेन्ट ब्रॉंड **Colour Dreamz**- *Dil Ke Rang Deewaron Pe* के साथ विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में देश की जानी–मानी कंपनियों में शुमार है। निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी की प्रतिष्ठा से आगे बढ़ते हुए कामधेनु ग्रुप ने पंजाब व जम्मू में 'कामधेनु होम्ज़' नाम से अपनी आवासीय योजना का पर्दापण किया। भारत के घरों से भारतीयों के दिलों तक पहुँने की चाह के साथ कामधेनु ग्रुप ने अपना पैकेज़्ड पेय जल ब्रॉंड 'KAMDHENU ***fresh***' बाजार में उतारा है।

स्टील के क्षेत्र में खुद को देश के सम्मानित नामों के बीच स्थापित करने के पश्चात आज कामधेनु ग्रुप अपने अन्य सभी उत्पादों में भी देश की प्रतिष्ठित कंपनी बनना चाहता है। अपने इस स्वप्न को साकार करने के लिए कंपनी इस वक्त सम्पूर्ण देश में अपने विक्रय एवं वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने में जुटी हुई है। कंपनी द्वारा पेन्ट ब्रॉंड **Colour Dreamz**- *Dil Ke Rang Deewaron Pe* व पैकेज़्ड पेय जल ब्रॉंड 'KAMDHENU ***fresh***' के प्रचार–प्रसार में विशेष ध्यान देने के साथ अतिरिक्त निवेश भी किया जा रहा है।

कामधेनु ग्रुप के उत्पादों को लोकप्रिय बनाकर कंपनी को आज इस मुकाम तक पहुँचाने के लिए अपना मूल्यवान समर्थन और सहयोग देने वाले अपने वर्तमान नेटवर्क पार्टनर्स का हम तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं। हमारी कोशिश है कि कंपनी के विस्तार का लाभ आप सभी तक पहुँचे व सम्पन्नता की बयार से पूरा कामधेनु परिवार रोशन हो उठे।

कंपनी की सफलता की परम्परा से प्रभावित होकर आज देशभर के व्यवसायी कामधेनु ग्रुप के सहयोगी बनने को आतुर हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि सफलता के इस सफर को बरकरार रखते हुए हम न सिर्फ कामयाबी की बल्कि लोकप्रियता की नई मिसाल बनाने में कामयाब होंगे। हालांकि उत्पादों की गुणवत्ता के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता कायम रखना हमारी मूलभूत प्राथमिकता बनी रहेगी।

**सुनील अग्रवाल**

**निदेशक, कामधेनु इस्पात लिमिटेड**

# मैरीकॉम– भारत की शक्ति का प्रतीक



वेस्टइंडीज के बारबडोस में आयोजित विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता को जीत लगातार पाँचवी बार विश्व चैंपियन बनी राजीव गाँधी खेलरत्न से सम्मानित भारत की प्रख्यात मुक्केबाज मैरीकॉम ने न सिर्फ व्यक्तिगत स्तर पर एक महान उपलब्धि हासिल की है बल्कि देश का नाम विश्व परिदृश्य पर रोशन किया है। मैरीकॉम ने यह खिताब रोमानिया की मुक्केबाज स्टेलुटा डूटा को हराकर जीता। भारत की नारी शक्ति का साक्षात प्रतीक मैरीकॉम भारत के मणिपुर राज्य से हैं। वर्ष 2002 में प्रथम बार विश्व विजेता बनीं मैरीकॉम तब से अपने खिताब को लगातार कायम रखे हैं। पांच बार विश्व चैंपियन बनने के बाद भी मैरी यहां रूकना नहीं चाहती। उनका ख्वाब आने वाले लंदन ओलम्पिक्स में भारत के लिए पदक जीतना है।

# सुशील कुमार फिर बने भारत का गौरव

भारत के सुशील कुमार ने विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर एक बार फिर अपने देश का परचम पूरे विश्व में लहरा दिया है। गौरतलब है कि 2008 बीजिंग ओलम्पिक में भारत को काँस्य पदक दिलाने वाले सुशील कुमार विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होने फाइनल मुकाबले में एलन गोगेव को 3–1 से हराकर 66 किलो फ्री–स्टाइल वर्ग में यह पदक अपने नाम किया। विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में मिली यह जीत निश्चित तौर पर आने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए एक अच्छा संकेत है।



# राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल की दक्षिण–पूर्व एशिया यात्रा

दक्षिण–पूर्वी एशियाई देशों के साथ भारत के आर्थिक व कूटनीतिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से देश की राष्ट्रपति श्रीमति प्रतिभा देवीसिंह पाटिल ने क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण देशों लाओस व कम्बोडिया की यात्रा की। लाओस की राजधानी में आयोजित भारत–लाओस व्यवसायिक फोरम की मीटिंग को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय व्यवसायियों को दक्षिण–पूर्वी एशियाई देशों में हाइड्रोपावर, खनन, निर्माण, आधारभूत संरचना, रेल यातायात और कृषि के क्षेत्र में उपलब्ध विस्तृत व्यवसायिक संभावनाओं का दोनों पक्षों के समेकित विकास के लिए दोहन करना चाहिए।


भारत और लाओस के मध्य वर्तमान में 7 मिलियन डॉलर से भी कम के द्विपक्षीय व्यापार का संज्ञान देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के परस्पर विकास के लिए द्विपक्षीय व्यापार को और बढ़ाने की आवश्यकता है। ऐसा करने के लिए दोनों पक्षों के लिए परस्पर लाभ वाले अवसरों को पहचानना व उनका लाभ उठाना अतिआवश्यक है। उन्होंने वहां उपस्थित भारत, वियतनाम, थाईलैण्ड, सिंगापुर और लाओस के 200 से अधिक कारोबारियों के प्रतिनिधि मण्डल को बताया कि उन्हें लाओस के आर्थिक माहौल को करीब से समझने की आवश्यकता है क्योंकि लाओस ने देश में विदेशी निवेश को बढ़ाने के लिए अपनी आर्थिक नीतियों में काफी सुधार किए हैं।



राष्ट्रपति की इस यात्रा के दौरान भारत व लाओस ने लाओस में विभिन्न प्रोजेक्टस की स्थापना के लिए भारत द्वारा 72.55 मिलियन डॉलर के ऋण के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। लाओस के वित्त मंत्री श्री सोम डे डोंगले व एक्सिम बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री प्रभाकर दलाल ने दोनों देशों के राष्ट्रपतियों की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। उम्मीद की जाती है कि भारतीय राष्ट्रपति की इस यात्रा से दक्षिण–पूर्वी एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों मे गर्मजोशी आएगी।

# कामधेनु इस्पात लिमिटेड द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय यात्राओं का आयोजन

**हिमाचल व पंजाब डीलर्स के लिए बैंकाक व ताशकन्द की यात्राओं का आयोजन**




उत्कृष्टता का जश्न मनाना कामधेनु इस्पात लिमिटेड में एक परम्परा रहा है। इस बार कंपनी ने अपने वितरकों को उनके पिछले शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत करने व भविष्य में ऐसा ही शानदार विक्रय प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए थाईलैण्ड के बैंकाक–पटाया की यात्रा का आयोजन किया। हिमाचल प्रदेश के डीलर्स समूह का कारवां 8 सितम्बर, 2010 को दिल्ली से बैंकाक–पटाया की ओर 12 सितम्बर, 2010 को वापसी की योजना





के साथ बढ़ा। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के हिमाचल प्रदेश के डिस्ट्रीब्यूटर श्री मोहन अग्रवाल व सीनियर ब्रॉंड प्रमोशन मैनेजर श्री चंदन गोस्वामी ने भी इस समूह के साथ यात्रा की।

इससे पूर्व भी दो समूहों ने कंपनी की ओर से उज़बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद की यात्रा भी की थी। इनमें से पहला समूह पंजाब के डीलर्स का था जो अमृतसर से 20 अगस्त, 2010 को ताशकंद के लिए रवाना हुआ था जहाँ से उनकी वापसी 23 अगस्त, 2010 को हुई। दूसरे समूह में हिमाचल प्रदेश के डीलर्स शामिल हुए जिन्होंने 27 अगस्त, 2010 को नई दिल्ली के इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से ताशकंद की तीन दिवसीय यात्रा के लिए उड़ान भरी।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड से पंजाब डीलर्स समूह के साथ कंपनी के निदेशकगण श्री सुनील अग्रवाल व श्री सौरभ अग्रवाल तथा कंपनी की पंजाब में सहयोगी इकाई वर्धमान आदर्श इस्पात (प्रा.) लिमिटेड के निदेशक श्री अश्वनी गोयल व डिस्ट्रीब्यूटर श्री दिनेश राठी भी शामिल हुए। श्री गोयल व श्री राठी का इस यात्रा के आयोजन में भी विशेष सहयोग रहा। जबकि हिमाचल के यात्रा समूह में कंपनी के सीनियर जी.एम. श्री दिलीप मेहरा, ए.जी.एम. श्री अमित सोनी व कंपनी के हिमाचल के वितरक श्री विक्रम जैन शरीक हुए। इस यात्रा के आयोजन में कंपनी की हिमाचल की सहयोगी इकाईयों रेडियन्ट कास्टिंग व हिम एलोयज़ एण्ड स्टील (प्रा.) लिमिटेड का विशेष सहयोग रहा।

इस यात्रा के बारें में बताते हुए श्री सुनील अग्रवाल कहते हैं, “उदारवादी अर्थव्यवस्थाओं के प्रभावस्वरूप आज सम्पूर्ण विश्व एक अन्तर्राष्ट्रीय बाजार के रूप में तब्दील हो चुका है। इसलिए आज माँग के बदलते परिपेक्ष को समझने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में हो रही गतिविधियों पर नज़र रखना अतिआवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने प्रशंसनीय प्रदर्शन करने वाले अपने सहयोगियों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय यात्राओं की व्यवस्था की है। इससे न केवल भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उनके मनोबल में वृद्धि होगी बल्कि उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय बाजार का अनुभव भी प्राप्त होगा।”

श्री सौरभ अग्रवाल ने डीलर्स के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा “कामधेनु इस्पात लिमिटेड के वितरकों के साथ यहाँ आकर हमें हर्ष का अनुभव हो रहा है। हमारी सफलता सभी के साझा प्रयासों का फल है।”

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-11



# कामधेनु पेंट्स द्वारा राष्ट्रमण्डल खेलों के जश्न में कार रैली प्रायोजित

**राष्ट्रमण्डल खेलों के आधिकारिक बैंकर सैंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित कार रैली का सह–प्रायोजन**

आधारभूत संरचना व निर्माण के क्षेत्र में देश की जानी–मानी कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट शाखा कामधेनु पेंट्स राष्ट्रमण्डल खेलों में '30 दिन शेष' रहने के उपलक्ष में 19वें राष्ट्रमण्डल खेलों के आधिकारिक बैंकर सैंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा 4 सितम्बर, 2010 को आयोजित '10वीं फैमिली फन कार रैली' की सह–प्रायोजक रही। मनोरंजन से भरपूर इस रैली की शुरूआत जनपथ, नई दिल्ली स्थित राष्ट्रमण्डल खेल आयोजन समिति मुख्यालय से कामधेनु के चेयरमैन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सतीश अग्रवाल, सैंट्रल बैंक के चेयरमैन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर श्री एस. श्रीधर, अखिल भारतीय सैंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के जीएम श्री रत्नाकर व राष्ट्रमण्डल खेल आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री सुरेश कलमाडी द्वारा झण्डी दिखा कर की गई।

रैली के प्रायोजन के संदर्भ में श्री सतीश अग्रवाल कहते हैं,



"कामधेनु पेंट्स ने राष्ट्रमण्डल खेलों का खेल भावना के साथ जश्न मनाने के लिए इस रैली को सह–प्रायोजित किया है। हम राष्ट्रमण्डल खेल आयोजन समिति सहित सम्पूर्ण देशवासियों को खेलों के सफल आयोजन की शुभकानाएं देते हैं।"

इ

# दमदार प्रदर्शन का शानदार ईनाम

**विक्रय लक्ष्य हासिल करने पर डीलर को शानदार "होंडा सिटी" कार का पुरस्कार**



हनुमानगढ़ (राजस्थान) के मैसर्स अनिल छाबड़ा एण्ड सन्स को उनके 'ग्रॉंड मेगा बोनेन्ज़ा' स्कीम में प्रशंसनीय प्रदर्शन व दिए गए बिक्री के लक्ष्य को हासिल करने के उपलक्ष में कंपनी द्वारा अपने व्यवसायिक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में एक शानदार "होंडा सिटी" कार पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई।

इस यादगार अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सतीश अग्रवाल द्वारा मैसर्स अनिल छाबड़ा एण्ड सन्स के श्री अनिल छाबड़ा को "होंडा सिटी" कार की चाबी दी गई। श्री अग्रवाल ने श्री अनिल छाबड़ा के कामयाब प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रदर्शन पूरे कामधेनु परिवार के लिए एक नई मिसाल कायम करते हैं।

इस स्कीम में कार के अतिरिक्त प्राप्त लक्ष्यों के अनुसार ए.सी., फ्रिज और डिजिटल कैमरा जैसे अन्य कई शानदार पुरस्कार भी दिए गए। कामधेनु पेंट्स श्री अनिल छाबड़ा को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देता है तथा कंपनी के साथ भविष्य के उनके सभी उपक्रमों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता है।

इ

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

**जय भारत स्टील एजेन्सी**
महेसाणा, गुजरात
फोनः 0276–2250825

**सिद्धार्थ स्टील कं.**
आनन्द, गुजरात
मोब. 9824011865

**सोहेल स्टील**
C/o श्री एम. मनुल्लाह
सीरियल नं. 18/759
गन्जगिला रोड, यम्मीगनुर,आन्ध्र प्रदेश
मोब. 9885730939

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com